अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

29 Jan., 2024

USEFUL FOR

# IAS | PCS

& other civil services exams




**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **लगातार 6वीं बार बजट पेश करने वाली दूसरी वित्त मंत्री होंगी निर्मला सीतारमण**



- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को बजट पेश करते ही लगातार छठी बार बजट पेश करने वाली दूसरी वित्त मंत्री हो जाएंगी। यह भारत के संसदीय इतिहास में एक अद्वितीय उपलब्धि है।
- मोरारजी देसाई, जिन्हें 10 बजट पेश करने का गौरव प्राप्त है, जो किसी भी वित्त मंत्री द्वारा सबसे अधिक है।
- उन्होनें लगातार छह बजट पेश किए थे, जिसमें एक अंतरिम बजट भी शामिल था।
- 1 फरवरी को सीतारमण वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश करेंगी। अंतरिम बजट को आमतौर पर वोट-ऑन-अकाउंट कहा जाता है।
- यह अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों के बाद नए प्रशासन के आगमन तक सरकारी खर्चे को अधिकृत करने में महत्वपूर्ण है।

2. **नीतीश कुमार 9वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने**



- नीतीश कुमार ने रविवार शाम 5 बजे 9वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष रहे विजय सिन्हा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है।
- शाम पांच बजे हुए समारोह में नीतीश के साथ कुल 8 मंत्रियों ने शपथ ली। मंत्रियों में मुख्यमंत्री समेत 2 कुर्मी, 2 भूमिहार, 1-1 राजपूत, दलित, कहार, कोइरी और यादव हैं। सभी का संक्षिप्त ब्योरा नीचे दिया गया है.
- **उपमुख्यमंत्री**
- 1. सम्राट चौधरी (भाजपा)
- 2. विजय सिन्हा (भाजपा)
- **मंत्री**
- 3. डॉ. प्रेम कुमार (भाजपा)
- 4, विजेंद्र प्रसाद (जदयू)
- 5. श्रवण कुमार (जदयू)
- 6. विजय कुमार चौधरी (जदयू)
- 7. संतोष कुमार सुमन (हम)
- 8. सुमित सिंह (निर्दलीय)

3. **नरेंद्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के डायमंड जुबली सेलिब्रेशन की शुरुआत की**



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुप्रीम कोर्ट के डायमंड जुबली सेलिब्रेशन की शुरुआत की।
- वे कार्यक्रम में शामिल होने सुप्रीम कोर्ट के परिसर पहुंचे।
- सुप्रीम कोर्ट अपनी स्थापना के 75वें वर्ष में प्रवेश कर गया है।
- इस मौके पर पीएम मोदी ने डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट्स (Digi-SCR), डिजिटल कोर्ट्स 2.0 और सुप्रीम कोर्ट की नई वेबसाइट को लॉन्च किया।

4. **बर्नार्ड अरनॉल्ट बने दुनिया के सबसे अमीर आदमी**



- एलन मस्क अब दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी नहीं हैं। फ्रांसीसी अरबपति और लुई विटॉ मोएट हेनेसी (LVMH) के CEO बर्नार्ड अरनॉल्ट उन्हें पीछे छोड़कर पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। टेस्ला के शेयरों में गिरावट के कारण मस्क की नेटवर्थ में कमी आई है।
- जबकि एलन मस्क की नेटवर्थ 204 बिलियन डॉलर (करीब 16.96 लाख करोड़ रुपए) है।
- वहीं जेफ बेजोस करीब 15.04 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर है।
- भारत का कोई भी बिलेनियर इस लिस्ट में टॉप टेन में शामिल नहीं है।
- रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 104 बिलियन डॉलर (करीब 8.64 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ 11वें स्थान पर हैं।

- वहीं गौतम अडाणी लिस्ट में 16वें नंबर पर हैं। उनकी नेटवर्थ 75 बिलियन डॉलर (6.23 लाख करोड़ रुपए) है।

**5. शिक्षा मंत्रालय ने हायर एजुकेशन पर आल इंडिया सर्वे रिपोर्ट 2021-22 जारी**




- भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट (AISHE) 2021-22 जारी किया।
- इसमें AISHE के साथ रजिस्टर्ड हायर एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन्स को शामिल करते हुए विभिन्न पैरामीटर जैसे स्टूडेंट के एनरोलमेंट, फैकल्टी, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि पर जानकारी आदि पर विस्तृत जानकारी एकत्र की जाती है।
- हायर एजुकेशन में स्टूडेंट्स का कुल एनरोलमेंट 2020-21 में 4.14 करोड़ से बढ़कर 2021-22 में लगभग 4.33 करोड़ हो गया। 2014-15 में एनरोलमेंट में 3.42 करोड़ था। इसमें लगभग 91 लाख (26.5%) की वृद्धि हुई।

**6. सेना की पहली महिला सूबेदार बनीं प्रीति रजक**




- भारतीय सेना की मशहूर ट्रैप शूटर हवलदार प्रीति रजक को सूबेदार के पद पर प्रमोट किया गया।
- सूबेदार प्रीति रजक अब भारतीय सेना की पहली महिला सूबेदार हैं।
- प्रीति ने 22 दिसंबर 2022 को मिलिट्री पुलिस में सेवा शुरू की थी।
- प्रीती ने 2022 में चीन में हुए 19वें एशियन गेम्स में ट्रैप वुमन टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जाता था।
- वो फिलहाल पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 की तैयारी के लिए आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट (AMU) में ट्रेनिंग ले रही हैं।

**7. भारत और सऊदी अरब के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास - SADA TANSEEQ राजस्थान में आयोजित किया जाएगा**



- भारत और सऊदी अरब के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'SADA TANSEEQ' का उद्घाटन संस्करण 29 जनवरी से 10 फरवरी तक राजस्थान में आयोजित किया जाएगा।
- इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को सीखकर और साझा करके तालमेल, अंतरसंचालनीयता और संयुक्त मैनशिप को बढ़ाना है।
- संयुक्त अभ्यास संयुक्त राष्ट्र जनादेश के तहत आतंकवाद विरोधी अभियानों पर केंद्रित होगा।
- अभ्यास के दौरान, प्रतिभागी संयुक्त योजना, संचालन, संयुक्त सामरिक अभ्यास से लेकर मिशनों में शामिल होंगे और फील्ड कमांडरों और सैनिकों को एक-दूसरे के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान करेंगे।

**8. बोपन्ना ने जीता पहला ऑस्ट्रेलिया ओपन टाइटल**



- भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने करियर का पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत लिया है।
- 43 साल के बोपन्ना अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एब्डन के साथ साल के पहले ग्रैंड स्लैम की मेंस डबल में चैंपियन बने।
- इसी के साथ बोपन्ना ने पहला मेंस डबल्स ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता है और ओपन एरा में ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए हैं।
- यह बोपन्ना के करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है।
- यह रोहन बोपन्ना का दूसरा ग्रैंड स्लैंड टाइटल है।

**9. विराट कोहली ने ICC पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड 2023 जीता**




- भारतीय बल्लेबाजी के उस्ताद विराट कोहली को पिछले साल घरेलू मैदान पर विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के कारण इस प्रारूप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023 का ताज पहनाया गया।
- यह कोहली के लिए चौथा ऐसा पुरस्कार है, जो पिछले साल वनडे में हमवतन शुबमन गिल के बाद दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।
- भारत के पूर्व कप्तान ने वर्ष का समापन 1,377 रनों के साथ किया जिसमें छह शतक और आठ अर्धशतक शामिल थे।

**10. क्रुट्रिम बनी भारत की पहली यूनिकॉर्न AI कंपनी**




- ओला ग्रुप की कंपनी क्रुट्रिम 26 जनवरी को देश की पहली यूनिकॉर्न AI कंपनी बन गई।
- कंपनी ने मैट्रिक्स पार्टनर्स की अगुवाई में फंड रेज के दौरान पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए।
- क्रुट्रिम ने यह राशि एक अरब अमेरिकी डॉलर के वैलुएशन के आधार पर जुटाई है।
- कंपनी ने अपने पहले राउंड के फंड रेजिंग में यह सफलता हासिल की है।
- यह एक कंप्लीट AI एआई कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी बनाने वाली कंपनी है।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. 1 फरवरी 2024 को पूर्व पीएम मोरारजी देसाई के साथ अपने रिकॉर्ड की बराबरी करने के बाद एफएम निर्मला सीतारमण अपना _______ सीधा बजट पेश करने वाली दूसरी वित्त मंत्री होंगी।**

(a) 4th
(b) 5th
(c) 6th
(d) 7th

**2. नीतीश कुमार कौनसी बार बिहार के मुख्यमंत्री बने है।**

(a) 7वीं
(b) 8वीं
(c) 9वीं
(d) 12वीं

**3. सुप्रीम कोर्ट के डायमंड जुबली समारोह में डिजिटल कोर्ट 2.0 किसने लॉन्च किया है।**

(a) नरेंद्र मोदी
(b) अमित शाह
(c) न्यायमूर्ति डॉ. धनंजय वाई चंद्रचूड़
(d) इनमे से कोई नही

**4. फोर्ब्स की लिस्ट के अनुसार कौन दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए है।**

(a) बर्नार्ड अरनॉल्ट
(b) एलन मस्क
(c) मुकेश अंबानी
(d) गौतम अडानी

**5. किस मंत्रालय के द्वारा हायर एजुकेशन पर ऑल इंडिया सर्वे रिपोर्ट 2021-22 जारी की है?**

(a) शिक्षा मंत्रालय
(b) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय
(c) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
(d) युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय

**6. भारतीय सेना की पहली महिला सूबेदार कौन बनी है।**

(a) प्रीति रजक
(b) सुप्रिया बोपन्ना
(c) अवनि चतुर्वेदी
(d) इनमे से कोई नही

**7. भारत और सऊदी अरब के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'SADA TANSEEQ' का कौन सा संस्करण 29 जनवरी से 10 फरवरी तक राजस्थान में आयोजित किया जाएगा?**

(a) 1st
(b) 2nd
(c) 3rd
(d) 4th

**8. किस टेनिस खिलाड़ी ने अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीत लिया है।**

(a) रॉजर फ़ेडरर
(b) रफ़ाएल नडाल
(c) पैट कमिंस
(d) रोहन बोपन्ना

**9. 2023 के लिए ICC पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?**

(a) विराट कोहली
(b) रचिन रवींद्र
(c) पैट कमिंस
(d) उस्मान ख्वाजा

**10. AI स्टार्टअप, क्रुट्रिम 2024 में भारत का पहला यूनिकॉर्न बन गया। किस भारतीय कंपनी ने इस तकनीक को लॉन्च किया?**

(a) Ola
(b) Flipkart
(c) Snapdeal
(d) Amazon

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (c) | (a) | (a) | (a) | (a) | (a) | (d) | (a) | (a) |